" शासकीय कमला कॉलेज में प्राध्यापकों एवं अधिकारियों ने काली पट्टी लगाकर कामकाज सम्पादित किया "

राजनांदगांव : छ.ग.शासकीय महाविद्यालयीन शिक्षक एवं अधिकारी संघ के आव्हान पर शासकीय महाविद्यालयीन शिक्षक संघ शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में सातवें वेतनमान हेतु क्रमबद्ध आन्दोलन कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार 06.09.2018 से 15.09.2018 तक सभी सदस्य काली पट्टी लगाकर काम करेगें । आज दिनांक 06.09.2018 को महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं अधिकारियों ने काली पट्टी लगाकर अपने कर्तव्य का सम्पादन किया । एवं अन्य दिवस 10.09.2018 से 11.09.2018 तक काली पट्टी लगाकर महाविद्यालयीन इकाई के सभी सदस्य सामूहिक रूप से स्थानीय जन प्रतिनिधि से सम्पर्क कर सातवां वेतनमान लागू किए जाने के संबंध में ज्ञापन सौपेंगें एवं दिनांक 12. 09.2018 को चॉक डाउन किया जावेगा ।

दिनांक 15.09.2018 को पूर्वान्ह 11:00 बजे रायपुर के सप्रे शाला प्रांगण से विशाल मौन रैली निकालकर माननीय मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौपेगें । इसके पूर्व इकाई संघ द्वारा विगत दिनों लिए गए निणर्यो के अनुसार महाविद्यालयीन इकाई द्वारा पदाधिकारियों को पुनर्गठन किया गया जिसमें डॉ.एम.एल. साव – अध्यक्ष, डॉ.एच.के.गरचा – उपाध्यक्ष, डॉ.नीता एस.नायर – सचिव एवं डॉ.जी.पी.रात्रे – सहसचिव तथा अन्य सदस्यों को कार्यकारणी के रूप में रखा गया ।

उक्त सभी निर्णय सर्वसम्मति से पारित किया गया । इस अवसर पर प्राध्यापक एवं अधिकारी उपस्थित थे ।